सदन में विपक्षी दल की ओर से श्री शान्तिलाल शाह बोले हैं। उन्होंने भी दबे शब्दों में प्रधान मंत्री के बजट की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ने कोई बड़ा काम नहीं किया है। जो किया है वह शायद श्री मोरारजी देसाई भी एक दो बरस में कर देते। इसके माने यह होते हैं कि उन्होंने इस हद तक तो मंजूर किया कि प्रधान मंत्री का कदम कुछ हद तक प्रगतिशील है। इसी के साथ अभी श्री दांडेकर साहब बड़े जोर से बजट की आलोचना कर रहे थे। इसे सुन कर मेरे मन में एक भावना जाग रही थी और मैं समझता हूं कि देश के लोगों में भी वही भावना काम करेगी—स्वतन्त्र पार्टी जितने जोर से किसी प्रस्ताव का विरोध करती है, उतना ही वह प्रस्ताव समाजवाद की ओर जाता है, समाजवाद की ओर जायगा—यह एक मान्यता है, क्योंकि समाजवाद की दिशा में यह देश आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन स्वतन्त्र पार्टी की नीतियां इसके बिलकुल विपरीत हैं। इसीलिये दाण्डेकर साहब ने जब उन 20 बिजनेस हाउसेज की बात की, जब उन्होंने मोनोपलीज का जिक्र किया, जब उन्होंने देश में अनएम्पलायमेंट की बात की और कहा कि अगर इसी तरह से व्यापार के रास्ते को अवरुद्ध करने का प्रयत्न किया गया तो देश में अनएम्पलायमेंट बढ़ेगी, तो मुझे उनकी बातों को सुनकर अचम्भा नहीं हुआ, क्योंकि ये सब बातें उनकी रीति के अनुरूप हैं। लेकिन मुझे अचम्भा

[श्री नवल किशोर शर्मा]

तब हुआ जब उन्होंने गरीबों की बात की। मैं कहना चाहता हूं—दाडेंकर साहब इस वक्त यहां मौजूद नहीं है—असल में यही एक बहुत बड़ा सवाल है, जिस पर हम में और आप में मतभेद है। हम यह चाहते हैं कि इस देश में पूंजी चन्द लोगों के हाथों में न रहे। यह इस देश का दुर्भाग्य रहा है कि इस देश की पूंजी एकाधिकार के जरिये कुछ चन्द हाथों में चली गई है, इस एकाधिकार को खत्म करने के लिये पिछले एक साल के अन्दर कुछ ठोस कदम उठाये गये हैं और उन ठोस कदमों के परिणाम स्वरूप देश में एक नई हवा पैदा हुई है, एक नया वातावरण बना है, एक नई आशा जागी, एक नई उमंग आई है, एक नया उत्साह पैदा हुआ है। इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश का यह बजट, हमारे देश की पिछले साल की जो आर्थिक नीतियां रही हैं वे निश्चित तौर पर देश के हित में रही हैं। यह ठीक है कि यहां और वहां उनके बारे में आलोचना की जा सकती है, इसी सन्दर्भ में इस तरफ या उस तरफ बहुत सी बातें कही जा सकती हैं, हर आदमी के अपने-अपने विचार होते हैं और इसी दृष्टि से मैं भी अपने विचार आपके सामने रखता हूं और उन विचारों के सम्बन्ध में इस सदन से और प्रधान मंत्री जी से जो सौभाग्य से वित्त मंत्री भी हैं, निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश में पिछले सालों में गांवों और गांवों में रहने वाले लोगों की सबसे ज्यादा उपेक्षा हुई है। हमारा देश बहुत बड़ा देश है—यह सही है, साढ़े पांच लाख गांव हैं—यह भी सही है, लेकिन इसके बावजूद भी गांव, जो कि हमारे देश की आर्थिक प्रगति के आधार हैं, खेती जिसके जरिये से देश आगे बढ़ सकता है, उस पर जितना कुछ किया जाना चाहिये था, उतना नहीं हुआ। इसके मायने यह नहीं है कि सरकार ने कुछ किया ही नहीं, प्रोडक्शन बढ़ रही है, हमारा खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन उस उत्पादन के बढ़ने का उतना असर गांवों के अधिकांश रहने वाले लोगों पर नहीं हुआ, जितना होना चाहिये था। खाद्यान्न उत्पादन और हरित-क्रान्ति का फायदा ज्यादातर बड़े जमीदारों को, बड़े लोगों को, ऐसे लोगों को जो पूंजिपति तबके के लोग हैं, उनको हुआ है। छोटा किसान आज भी उसी हालत में है, जिस हालत में वह पहले था। जो परिस्थितियां वहां पहले थी, आजादी के पहले थीं, वही परिस्थितियां आज भी कायम हैं। आज जाने के लिये वहां सड़कें नहीं हैं, सड़कों को छोड़ दीजिये, ठीक रास्ते भी नहो हैं, दवादारू का कोई इन्तजाम नहीं है। वहां यदि बिजली गई है, तो वह भी चन्द गांवों में गई है खेती के लिये कोई व्यवस्था नहीं है, पानी की व्यवस्था नहीं है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि हमारे देश में 22 वर्षों की आजादी के बाद भी जो सिंचित भूमि है, उसका रकबा सारी खेती के रकबे का केवल एक-चौथाई है यानी 25 प्रतिशत है। खेती की हालत देख लीजिये, मकानों की हालत देख लीजिये। शहरों और गांवों में बहुत बड़ा अन्तर है। शहरों में गगन चुम्बी अट्टालिकायें बनती जा रही हैं, डामर की दो-दो फुट ऊंची सड़कें बन रही हैं, रेफ्रीजरेटर है, यहां दिन में बिजली जलती है, लेकिन गांवों की हालत क्या है, वहां रात को दिया भी नहीं टिमटिमाता—इस स्थिति का हमको निराकरण करना होगा।

अभी बहुत से दोस्त अनएम्प्लायमेन्ट की बात कर रहे थे। अनएम्प्लायमेन्ट है। देश में हिंसा की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। नवयुवक शहर की तरफ भागते जा रहे हैं। यह हिंसा की प्रवृत्ति, शहरों की तरफ नवयुवकों के भागने की प्रवृत्ति, देश में बेचैनी और नक्सलाइट प्रवृत्तियां—यह सब किस बात का

परिणाम है ? यह इस बात का परिणाम है कि आपने गांवों की उपेक्षा की है। आज गांवों में कोई रहना नहीं चाहता है। अगर आप किसान के लड़के को पढ़ा दीजिए तो वह भी नौकरी करना चाहेगा। किसी को इंजीनियर बना दीजिये तो वह भी इधर-उधर भागता फिरेगा। डाक्टर गांवों में अपना रोजगार नहीं करना चाहते हैं। इसका कारण यही है कि गांवों और शहरों में बहुत बड़ा फर्क है। इसलिए यदि आप चाहते हैं कि सारे असंतोष की प्रवृत्तियां रुकें और शहरों में जो भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके कारण ला ऐन्ड आर्डर की प्राब्लम पैदा हो रही है वह भी ठीक हो तो आपको गांवों को रहने योग्य बनाना होगा और वर्तमान असमानता को कम करना होगा। मैं प्रधान मन्त्री से कहना चाहता हूं कि आपने कुछ क्रान्तिकारी कदम बैंक नेशनलाईजेशन के जरिए से उठाये हैं और मैं मानता हूं कि बम्बई कांग्रेस अधिवेशन के अनुरूप आप जल्दी ही दूसरे क्रान्तिकारी कदम भी उठायेंगी लेकिन उसके परिणामस्वरूप यदि गांवों का विकास नहीं हुआ तो आपके सारे समाजवादी कार्यक्रम का कोई खास नतीजा नहीं निकलेगा। इसके लिए इस बात की जरूरत है कि गांवों में आप ऐसे हालात पैदा कीजिये कि पांच एकड़ से कम जमीन वाले जो छोटे काश्तकार हैं, जिनकी संख्या बहुत अधिक है, उनको अधिक से अधिक साधन उपलब्ध हो सकें।

अभी तिवारी जी ने कहा था कि उपेक्षित प्रान्तों की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। डी० एम० के० के श्री राजाराम मद्रास की वकालत कर रहे थे लेकिन मद्रास की हालत तो बहुत अच्छी है, मद्रास को बहुत मिला है। परन्तु राजस्थान की हालत बहुत खराब है। राजस्थान की हालत इसलिए खराब नहीं है कि राजस्थान के लोगों की या वहां की सरकार की खराबी है। वास्तव में राजस्थान में भौगोलिक, आर्थिक तथा ऐतिहासिक कारण रहे हैं जिनके कारण पिछले वर्षों में विकास नहीं हुआ। वहां पर हमेशा भयंकर अकाल आते हैं जिसके कारण वहां की सरकार पर इस समय पांच सौ करोड़ का कर्जा है जिसके ब्याज के रूप में हर साल 50-52 करोड़ रुपए देने पड़ते हैं। परिणाम यह है कि राजस्थान का विकास रुका हुआ है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान के विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जाये। यह दायित्व केन्द्र सरकार का है। यदि राजस्थान में हर साल अकाल आते है या वहां का बहुत बड़ा हिस्सा डेजर्ट है तो उसका दंड राजस्थान के लोगों को नहीं दिया जाना चाहिए। राजस्थान के डेजर्ट को रोकने के लिए तुरन्त स्कीम बनाई जानी चाहिए। खेद की बात है कि इस दिशा में अभी तक कुछ नहीं हुआ है। आंध्र के लिए तो सम्भवतः फ्रेंच कोलैबोरेशन या इटली के कोलैबोरेशन से कुछ होने जा रहा है लेकिन राजस्थान के लिए इस दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। प्रधान मन्त्री इस बारे में अवश्य ध्यान दें।

इसके साथ मैं तिवारी जी ने एक बात कहने के लिए मुझे और प्रेरित कर दिया है। उन्होंने बिहार की चर्चा करते हुए कहा कि वहां पर जो पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्रीज हैं उनमें बिहारी नहीं हैं। मैं अपने राजस्थान के लिए इस सम्बन्ध में क्या शिकायत करूं क्योंकि राजस्थान में पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्रीज ही नहीं हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस सिलसिले में मुझे कोई अफसोस या जलन नहीं है, बिहार तो भाग्यशाली है कि सेक्रेटेरियट लेबिल पर, पोलिटिकल लेबिल पर उसका बहुत रिप्रेजेन्टेशन है लेकिन राजस्थान की स्थिति इस सम्बन्ध में भी बहुत दयनीय है। मैं आशा करता हूं कि प्रधान मन्त्री राजस्थान की ओर ध्यान देंगी और कोशिश करेंगी कि राजस्थान को उचित

[श्री नवल किशोर शर्मा]

प्रतिनिधित्व मिले। राजस्थान एक बार्डर स्टेट है, उसका एक बहुत बड़ा इलाका बार्डर का है। यदि वहां के लिए साधन दिये जाते हैं, वहां पर तरक्की होती है, पानी की व्यवस्था होती है तो आपका डिफेन्स का बहुत सा खर्चा बच जायेगा। आपके डिफेन्स के लिए जो डेंजर है वह भी समाप्त हो जायेगा। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगुसराय) : सभापति महोदय, इस वित्त विधेयक में संशोधन पेश करते हुए वित्त मंत्री ने शुक्रवार को जब बोलना आरम्भ किया तो मुझे आशा हुई थी कि कीरोसीन, चाय, चीनी पर जो बढ़ोत्तरी हुई है टैक्सों में वह वापस लेंगी। सभी तरह की चाय को कीमतें बढ़ गयी हैं, 10 पैसे वाली चाय की कीमत 15 पैसे हो गयी, 20 पैसे वाली चाय की कीमत 25 पैसे हो गयी।

हमें यह आशा हुई थी कि वित्त मंत्री ने आयकर में जो पांच हजार रु० की छूट की है उसको बढ़ा कर के कम से कम 6,000 रु० कर देंगी और हमारी यह आशा अकारण नहीं थी। प्रधान मंत्री ने विकास और सामाजिक न्याय के जिस उद्देश्य की घोषणा की है उसी उद्देश्य की रोशनी में हमें यह आशा थी। और अभी इन संशोधनों को पेश करते हुए वित्त मंत्री ने जो भाषण किया था कि हमने भरसक कोशिश की है कि कर बोझ को उठाने में जो सबसे कम समर्थ हैं उन पर बोझ नहीं लादा जाये। प्रधान मंत्री के इस कथन की रोशनी में हमने आशा की थी, क्योंकि हमारी जो चार मांगें हैं उन लोगों की मांगें हैं जो कर बोझ को उठाने में सबसे कम समर्थ हैं। इतना ही नहीं जब हमने प्रधान मंत्री द्वारा ऐलान की गयी रियायतें सुनीं तो हमको मालूम हुआ कि अब कुछ दूसरी हवा बहने लगी। टी० वी० सेट्स के मालिकों को रियायतें मिलीं, नगर पालिका के भीतर और आस पास रहने वाले कृषि भवनों के मालिकों को रियायत मिली, जमीन के मालिकों को रियायत मिली, ट्रस्ट मालिकों की रियायतें मिलीं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह समाज के सबसे दुर्बल अंग हैं जो आपकी रियायत के पात्र थे? और यह 6,000 रु० आमदनी वाले उनसे अधिक सबल थे? आपने जो सिद्धान्त उद्घोषित किया था उस सिद्धान्त के मुताबिक टी० वी० मालिकों, कृषि भवनों के मालिकों, जमीन के मालिकों और ट्रस्ट मालिकों को रियायत का अधिकार नहीं था, वह उसके पात्र नहीं थे। रियायत के पात्र हम थे जो हम मांग कर रहे हैं कि आप किरोसीन, चीनी चाय पर बढ़ोत्तरी कम कर दीजिये, 5,000 रु० की जो छूट दी है उसको बढ़ा करके कम से कम 6,000 रु० कर दीजिये।

बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बात को कहा है कि 5,000 रु० की जो आपने छूट दी है वह कोई ज्यादा नहीं है। कीमतों में जो बढ़ोत्तरी हुई है उसके मुताबिक 5,000 रु० को कीमत 4,000 रु० भी नहीं है। बहुत से माननीय सदस्यों ने यह भी कहा है कि यदि हम छोटे छोटे लोगों पर से इन्कम टैक्स प्रशासन का ध्यान हटाकर बड़े बड़े लोगों पर केन्द्रित करें तो हमको ज्यादा पैसे मिलें। मैं एक और दलील देना चाहता हूं, क्योंकि यहां इंगलैंड और अमरीका में जो होता है उसका ज्यादा असर होता है। अभी अभी इंगलैंड का जो बजट पेश किया गया है वहां की सरकार द्वारा उसमें आयकर की छूट की सीमा 724 पौंड से बढ़ाकर 840 पौंड कर दी है और उसके जरिये से इंगलैंड में बीस लाख लोगों को राहत मिली। हम समझते हैं कि हमारे वित्त मंत्री कम से कम इतना तो कर सकते हैं। कम से कम इतना तो कर सकते थे जितना कि इंगलैंड में वहां की सरकार ने इस बार

अपने बजट में किया। इतना ही नहीं, हम यह भी चाहते हैं कि हमारा जो पूरा टैक्स का ढांचा है, वह बदला जाए। हमारी जो पूरी टैक्स की व्यवस्था है वह अमीर पक्षी है, और अमीर पक्षी इसलिये है कि उसका भार श्रम से जो आमदनी होती है उस पर ज्यादा भार पड़ता है और सम्पत्ति से जो आमदनी होती है उस पर कम। इसी आधार पर हमारी पूरी टैक्स व्यवस्था है। सम्पत्ति से आमदनी पर कम टैक्स, श्रम से आमदनी पर अधिक टैक्स। हम समझते हैं कि टैक्स को जो बुनियादी व्यवस्था है, वह वित्त मंत्री के उद्घोषित सिद्धान्त के विपरीत है कि हम विकास चाहते हैं, सामाजिक न्याय चाहते हैं। सामाजिक न्याय चाहते हैं, विकास चाहते हैं तो परिश्रम से जो आमदनी होती है उसको प्रोत्साहन मिलना चाहिए। लेकिन यहां तो हमारी व्यवस्था ऐसी है कि परिश्रम से जो आमदनी होती है उस पर और भी अधिक टैक्स और सम्पत्ति से जो आमदनी होती है उस पर अपेक्षाकृत कम टैक्स और अभी जो रियायत मिली है, ऐसे ही लोगों को मिली है। तो यह छह हजार की जो हम रियायत की मांग करते हैं, इसलिये भी करते हैं कि उसके जरिये से जो श्रम की आमदनी पैदा करने वाले लोग हैं उनको कुछ राहत मिले। यदि परिश्रम करने वालों की बात करते हैं तो शारीरिक परिश्रम और दिमागी परिश्रम में भेद करना चाहिए।

SHRI S. KANDAPPAN: He had better suggest some other figure then Rs. 6,000 because that would appear as if he wants exemption for MPs only.

श्री योगेन्द्र शर्मा: आप साढ़े छह हजार कर दीजिये, सात हजार कर दीजिये, इस बात पर हम झगड़ा नहीं करना चाहते। मैं प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री से जानना चाहता हूं कि किस सिद्धान्त के आधार पर आप हमारी इस मांग को ठुकरा सकते हैं? कम से कम उन सिद्धान्तों की रोशनी में, उन सिद्धान्तों के आधार पर हमारी मांगों को आप हरगिज नहीं ठुकरा सकते हैं जिनका आप खुद प्रचार करते हैं और कर रहे हैं।

हमारे माननीय मित्र दांडेकर साहब ने अपनी बौखलाहट प्रकट की, इस बात पर बौखलाहट प्रकट की कि मजदूर नीडबेस्ड मीनिमम की मांग कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वर्क-बेस्ड वेज होना चाहिए, कुछ इस तरह की बात कही। उनकी बौखलाहट से हमको परेशानी नहीं होती है क्योंकि जिस वर्ग का वह प्रतिनिधित्व करते हैं और जिस वर्ग का हम करते हैं वह परस्पर विरोधी बात है। लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि पिछले 20 सालों के भीतर हमारे देश में जो धन और सम्पत्ति की पैदावार हुई उसमें मजदूरों ने क्या हिस्सा बंटाया और मजदूरों को क्या मिला? ये लोग रो रहे हैं। ऐक्सप्रोप्रिएटरी प्रपोजल्स हैं, और पता नहीं क्या क्या शब्द इस्तेमाल किये: 93.5 फीसदी तक टैक्स बढ़ा दिया है कुछ बचेगा नहीं और कुछ बचेगा भी तो लगेगा नहीं और लगेगा तो विकास नहीं होगा इत्यादि। लेकिन उन्हीं के संगठन 'फिकी' के जनरल सेक्रेटरी, बंसल साहब हैं, उन्होंने फरमाया कि पांच साला योजना में पिछले 20 वर्षों के भीतर इन पूंजीपतियों ने अपनी पूंजी में छह गुना वृद्धि की है। कहां से वृद्धि हुई? कहते हैं कि साहब 93 फीसदी, 94 फीसदी, 95 फीसदी आमदनी हमारी ले ली जाती है। तो आपने पूंजी में पिछले बीस सालों में जो 6 गुनी बढ़ती की क्या वह पूंजी लक्ष्मीनारायण मन्दिर से आ गई थी?

एक माननीय सदस्य: ब्लैक से।

श्री योगेन्द्र शर्मा: यह ब्लैक की बात नहीं है। ब्लैक पर तो मैं बाद में आऊंगा। यह मजदूरों की मेहनत और उनकी पैदावार से

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

आई है। अफसोस की बात तो यह है कि इसी बीच में मजदूरों की जो वास्तविक मजदूरी है उसमें कटौती हो गई। 1960 और 1968 के बीच में—इसके पहले के आंकड़े मेरे पास नहीं हैं—क्योंकि आपको आंकड़ों के हिसाब किताब बतलाये जाते हैं, सिर्फ इन छः सालों में मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में 5 फीसदी की कटौती हो गई। हमारी मजदूरी तो घटती गई और श्री दांडेकर की पूंजी बढ़ती गई। उसमें छःगुनी बढ़ती हुई।

फिर हिन्दुस्तान ही उन लोगों के लिये काफी नहीं है। वह दूसरे-दूसरे देशों में भी जा रहे हैं। उन लोगों ने दूसरे-दूसरे देशों में 84 कोलैबोरेशन ऐग्रीमेंट किये हैं। आखिर कहां से यह पूंजी आई? किसने यह पूंजी पैदा की, किसने यह मुनाफा पैदा किया? हम मजदूरों ने। हम मजदूरों ने उसको पैदा ही नहीं किया, उसमें वाजिब हिस्सा ही आपको नहीं दिया, बल्कि जो मजदूरी मिलती थी उसमें भी कटौती हो गई कीमत के हिसाब से।

हम वित्त मंत्री से कहते हैं कि हमको कम से कम इंटेरिम रिलीफ तो दे दीजिये। उनको पूंजी तो आपने छः गुनी बढ़ा दी है, हमारी मजदूरी तो घट गई। कम से कम इंटेरिम रिलीफ तो दीजिये। इसके जवाब में कहा जाता है कि हमने पे कमीशन को भेज दिया है, वह देगा। हमारा न्याय तो पे कमीशन करेगा, वह अदालत में चला गया और दांडेकर साहब की पूंजी छः गुनी बढ़ गई।

वित्त मंत्री सामाजिक न्याय की बात करती हैं। हमारे बड़े-बड़े अफसरों का क्या हाल है? आपने देखा कि तमाम स्टेट्स के चीफ सेक्रेट्रीज की तनख्वाह 500 रु० फी महीना बढ़ा दी। चीफ सेक्रेट्री की तन्ख्वाह तो 500 बढ़ा दी जाये और हम जो 100 रु०, 200 रु०, 300 और 400 रु० तन्ख्वाह पाते हैं, और मंहगाई की वजह से हमारी तन्ख्वाह में कटौती भी हो गई है, अगर इंटेरिम रिलीफ की बात करते हैं तो कहते हैं कि पे कमिशन विचार करेगा। यहां पर सिर्फ चीफ सेक्रेट्री का ही सवाल नहीं है। आज आई० सी० एस० और आई० ए० एस० की बात बहुत चल रही है, मुझे थोड़ा बहुत उसके बारे में भी कहना है। हमने सुना कि आई० ए० एस० अफसरों की तन्ख्वाह 1,800 रु० से बढ़ा कर 2200 रु० कर दी गई है। आई० ए० एस० अफसरों की तन्ख्वाह में 1800 रु० से 2200 रु० तक की बढ़ोतरी, चीफ सेक्रेट्री की तन्ख्वाह में 500 रु० महीने की बढ़ोतरी, पूंजीपतियों की पूंजी को भी 20 साल में 6 गुना बढ़ा दिया, लेकिन हम मजदूरों की वाजिब मजदूरी में कटौती। और जब हम इंटेरिम रिलीफ की बात करते हैं तो कहते हैं कि पे कमिशन विचार करेगा। आज आपके द्वारा मैं वित्त मंत्री से कहना चाहता हूं कि आपने जो सिद्धान्त रक्खे हैं, उनकी रोशनी में इसको आप कैसे चलाना चाहते हैं? क्या इस सिद्धान्त की रोशनी में आपके लिये आवश्यक नहीं है कि हमारी मांगों को मानें? शायद आप नहीं मानेंगी क्योंकि हम एक नई हवा देख रहे हैं। इसके बारे में मैं बाद में कहूंगा।

मैं अपने देश के टैक्स सिस्टम के बारे में कहना चाहता हूं कि हमारे देश का टैक्स सिस्टम कितना प्रतिक्रियावादी है इसके दो नमूने हैं। 550 करोड़ रु० टैक्स का बकाया है, जैसा श्री सेठी ने एक सवाल के जवाब में कहा है। जिस टैक्स सिस्टम में साढ़े पांच सौ करोड़ रुपये बकाया हो और वे भी अधिकतर इजारेदारों और माननीय दांडेकर साहब की क्लास की ओर हों तो क्या उस टैक्स सिस्टम में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है। भारत सरकार ने कभी किसी समय यहां की टैक्स व्यवस्था का अध्ययन करने के

लिये निकोलास कालडोर को बुलाया था। उन्होंने एक रिपोर्ट दी थी। मेरे ख्याल में यह 1955 की बात है। उसमें उन्होंने कहा था कि इस देश में दो सौ से लेकर तीन सौ करोड़ की प्रति वर्ष कर वंचना होती है। आज तक पता नहीं कितने सौ करोड़ रुपये की कर वंचना हो चुकी है। यह कर वंचना कौन करता है? नैतिकता की बात करने वाले माननीय दांडेकर और उनका वर्ग करता है। इस व्यवस्था के जरिये क्या आप विकास देश का कर सकेंगे और सामाजिक न्याय की स्थिति ला सकेंगे? अगर नहीं तो क्या कर व्यवस्था में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है और अगर है तो क्यों नहीं आप इसको करते हैं?

एक माननीय सदस्य ने कहा कि आई० सी० एस० वाले इसको नहीं करेंगे। मैं बिलकुल उनसे सहमत हूं। आई० सी० एस० ही नहीं बल्कि पूरा जो हमारा प्रशासनिक ढांचा है वह ढांचा ऐसा है जिसके बल पर हम प्रगतिशील नीतियों को इस देश में नहीं चला सकते हैं। जब तक यह ढांचा है तब तक आप कोई अच्छा काम भी करेंगे तो भी उसका अच्छा फल जनता तक नहीं पहुंचेगा। जो उद्देश्य आपने घोषित किया है उसको यदि आप पूरा करना चाहते हैं तो उसका एक बहुत बड़ा तकाजा है और हम तो कहेंगे कि एक बहुत बड़ी शर्त है कि न केवल कर व्यवस्था में बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन किया जाए।

अफसोस की बात है एक माननीय सदस्य ने आई० सी० एस० के लोगों के विशेषाधिकार समाप्त करने सम्बन्धी एक विधेयक यहां पेश किया था लेकिन वह इस सदन में पास नहीं हो सका। यदि यह सदन उसको पास नहीं कर सका तो मैं पूछना चाहता हूं कि इस देश की जनतांत्रिक जनता क्या करे? इस देश की जनतांत्रिक जनता के लिए यह सदन आई०सी०एस० के साम्राज्यवादी अवशेषों को भी खत्म नहीं कर सका है जो उनको विशेषाधिकारों के रूप में मिले हुए हैं। ऐसी अवस्था में जो हम परिवर्तन की बात करते हैं, सामाजिक न्याय की बात करते हैं, वह तो हवा में ही रह जाएगी। हम जनता की अभिलाषाओं की पूर्ति नहीं कर सकेंगे। लेकिन किसी भी देश की जनता बैठी नहीं रहेगी। वह तो मार्च करेगी। अफसोस एक ही होगा कि जो प्रयोग हम कर रहे हैं इस संसद के द्वारा और जिसमें हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन करके एक ऐसा समाज बनाना चाहते हैं जिसमें सामाजिक न्याय हो, देश सुखो और समृद्ध हो, वह वहां न हो सकेगा। इस वास्ते छोटी सी बात दांव पर नहीं लगी है। बहुत बड़ी बात दांव पर लगी हुई है।

इसी संदर्भ में मैं वित्त मंत्री की जो फिलौसोफी है उसकी सबसे बड़ी आलोचना करना चाहता हूं। जहां एक ओर हमने उनके विकास और सामाजिक न्याय के उद्देश्य का समर्थन किया है, इस बात का भी समर्थन किया है कि इस देश में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक परिवर्तन होना बहुत आवश्यक है, हमने उनकी इस बात का भी समर्थन किया है कि हमारा देश इतिहास की एक बहुत ही फैसलाकुन मंजिल से गुजर रहा है, वहां हम प्रधान मंत्री जी की इस बात के लिए भी आलोचना करना चाहते हैं जो उन्होंने पिछली बजट बहस का जवाब देते हुए कही थी कि बड़े बड़े इतिहास में बड़ी बड़ी दूरियां छोटे छोटे कदमों से तय की जाती है। यह जो उनकी फिलौसोफी है इससे उनका प्रोग्राम पूरा नहीं होगा। छोटे छोटे कदमों से बड़ी बड़ी दूरियां तय करने की जो फिलौसोफी है वह गोबर युग में तो सार्थक हो सकती थी, आणविक युग में सार्थक नहीं हो सकती है। आणविक युग में बड़ी बड़ी दूरियां तय करने के लिये बड़े बड़े कदम, मजबूत कदम, जोरदार कदम उठाने होंगे उन्हीं की

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

आवश्यकता है। यही उनकी फिलौसोफी होनी चाहिये। जब तक इस फिलौसोफी को अख्तयार नहीं किया जाता है, छोटे छोटे कदमों से बड़ी बड़ी दूरियां तय करने की फिलौसोफी आप अपनायें रखेंगे, तब तक हम जहां हैं, तहां ही रहेंगे। और हम जहां के तहां हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद इस देश में एक नई हवा चली थी, एक नई आशा और नया विश्वास जगा था। मगर कुछ ही महीनों के बाद वह आशा निराशा में बदल गई है, संशय का वातावरण चारों ओर फैल रहा है, क्योंकि प्रधान मंत्री ने छोटे छोटे कदमों से बड़ी दूरियों को तय करने की फिलौसोफी अख्तयार की है। हिन्दुस्तान बहुत बड़ा देश है और उसको बहुत बड़ी दूरी तय करनी है। वह छोटे छोटे कदमों से नहीं हो सकेगा। उसके लिए बड़े कदम उठाने चाहिए और जब तक सरकार बड़े कदम नहीं उठायेगी, तब तक हिन्दुस्तान की समस्या हल नहीं होगी।

एक दिन हम यहां पर बहस कर रहे थे कि हमको एटम बम चाहिए। "बपम् देहि" "बमम् देहि" की पुकार मची हुई थी। मेरी समझ में नहीं आता कि जिस देश में तीन चार करोड़ आदमी बेकार हों, जो देश बाहर से खरीद कर, मांग कर, भीख मांग कर गल्ला खाये, जो देश हर काम में विदेशी सहायता और कर्ज पर निर्भर करे, वह देश जब एटम बम बनाने की बात करता है, तो मालूम होता है कि वह बचकानापन ही नहीं है, बल्कि राजनैतिक आतिशबाजी भी है। यह सही है कि हमारे लिए यह बहुत चिंता की बात है कि हमारा पड़ौसी चीन आज आणविक-शक्तिशाली देश बन गया है। लेकिन उस का जवाब राजनैतिक आतिशबाजी नहीं है। उसका जवाब यह है कि हम विचार करें कि चीन क्यों आणविक-शक्तिशाली देश बन गया है और हम क्यों नहीं बने हैं।

इसका कारण यह है कि चीन ने अपनी विशाल जनशक्ति को मुहैया किया। श्रम शक्ति सबसे बड़ी पूंजी है, जो चीन के पास है, और हमारे पास है। चीन ने श्रम शक्ति को मुहैया किया, आर्थिक स्वतन्त्रता प्राप्त की, अपना आर्थिक विकास किया और उसके बल पर उस ने आणविक शक्ति का विकास किया। हमने भी आणविक शक्ति का विकास करना है। हमें भी एक दिन एटामिक पावर बनना है। लेकिन इसके लिये आवश्यक है कि हम बड़े पैमाने पर देश का आर्थिक विकास करें। उसके बिना आणविक बम की बात करना कछुए की पीठ पर बम रखने जैसी बात है। यदि माननीय सदस्य चीन से मुकाबला करने की बात करते हैं, सही मानों में करते हैं और सच्चाई से करना चाहते हैं, तो यह सोचना पड़ेगा कि हम देश के पिछड़ेपन को कैसे दूर करें।

इस सम्बन्ध में मैं एक नौ-सूत्री कार्यक्रम पेश करना चाहता हूं। मेरे पास समय नहीं है कि मैं उस कार्यक्रम के सब मुद्दों के बारे में विस्तार से कहूं। हम ऐसा प्रोग्राम नहीं चाहते हैं, जो अमल में न आये। वह नौ-सूत्री कार्यक्रम यह है : (1) सरकार जमीन की हदबन्दी करके फाजिल जमीन का बंटवारा करे लेकिन वह हदबन्दी नहीं, जो सरकार ने कागज पर की हुई है; वह हदबन्दी तो जमींदारों को लाभ पहुंचाने के लिये की गई है। सही मानों में हदबन्दी हो। एक इकानोमिक होल्डिंग का तीन गुना छोड़ दिया जाये और फाजिल जमीन लेकर उसका बंटवारा कर दिया जाये भूमिहीनों में। इस प्रकार हम हिन्दुस्तान की विशाल जन-शक्ति को मुहैया करेंगे और उसके बल पर हम देश को आगे बढ़ायेंगे और ऊंचा बनायेंगे। फिर हमें एटम बम की आतिशबाजी छोड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

श्री रा० डो० भण्डारे (बम्बई-मध्य) :

इस प्रकार की हदबन्दी का बेसिस क्या है ?

श्री योगेन्द्र शर्मा : मेरे पास वक्त नहीं है, वर्ना मैं बताता कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कमीशनों ने छान-बीन और अध्ययन करने के बाद यह सिफारिश की थी। यह कुमारप्पा कमीशन की सिफारिश है।

(2) शहरी सम्पत्ति की हदबन्दी की जाये। मैं इसका एक्सप्लेनेशन नहीं देना चाहता हूं, क्योंकि मेरे पास वक्त नहीं है। (3) नैशनलाइजेशन आफ इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट ट्रेड। (4) नेशनलाइजेशन आफ फारेन आयल कम्पनीज। (5) नैशनलाइजेशन आफ रिमेनिंग फारेन एंड इंडियन बैंक्स और नैशनलाइजेशन आफ जनरल इनशोरेंस। (6) एबालिशन आफ प्रिवी पर्सिज। (7) एबालिशन आफ आई० सी० एस० प्रिविलेजिज। (8) रीआर्गनाइजेशन आफ एडमिनिस्ट्रेशन। और (9) एक्सक्लूजन आफ प्रापर्टी राइट्स फ्राम दि कांस्टीट्यूशन, क्योंकि इसके बिना कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

आखिर में हम यही कहना चाहते हैं कि यदि हमने यह नहीं किया तो आज देश में हम जो चीज देख रहे हैं उससे हम घबराते हैं, हमें खतरा होता है और हमें जर्मनी के वीमर रिपब्लिक का भाग्य याद आता है जिसके बारे में एक अमेरिकन लेखक ई० ए० मौरर ने "जर्मनी पुटस दि क्लाक बैंक" में पृष्ठ 17-19 पर लिखा है। हमें लगता है कि इतिहास ने हमारे देश को भी वहीं पहुंचा दिया है जहां पर कि वीमर रिपब्लिक था। उसके बारे में उसने कहा है :

> "What can be said for democrats who subsidise experiences who attack the regime; who make the exiled emperor the richest man in deference to supposed property rights...."

अभी जो चीज हो रही है, इस सदन में भी हो रही है, वह यही है। प्रिन्सेज को हम सब्सिडाइज कर रहे हैं जिनको कि हमारे देश का समाजवाद विष की तरह है। हमारे देश में बादशाह नहीं है मगर आधुनिक बादशाह बहुत से हैं।

> "This remarkable republic paid generous pensions to thousands of ex-officers and civil servants who made no bones of their desire to overthrow it...."

आज भी हम वही कर रहे हैं। न सिर्फ अपने देश में बल्कि इंग्लैंड में बैठे हुए बहुत से अफसरों को हम पेंशन दे रहे हैं। तो इस हालत में हमको खतरा है कि यदि वह कदम जिनका हमने उल्लेख किया है, हम नहीं उठाते हैं तो हमारे देश में जो हम लोगों ने एक नया प्रयोग किया है, जनतांत्रिक तरीके से सामाजिक परिवर्तन का प्रयोग किया है वह यदि असफल हुआ तो उसके बाद क्या होगा हम कह नहीं सकते। लेकिन क्या इसको सिर्फ आप कर सकते हैं ? एक पार्टी का दिन गुजर गया। हिन्दुस्तान अपने विकास के एक नये युग में आया है जहां पर कि कोई एक पार्टी यह दावा करे कि हम देश में बुनियादी परिवर्तन करना चाहते हैं तो वह हवाई बात है। इसलिये इस तरह के परिवर्तन लाने के लिये जरूरत इस बात की है कि इस कार्यक्रम को जो भी मानते हैं तमाम वामपक्षी लोग, तमाम जनतंत्र प्रेमी लोग, वह चाहे जहां हों, कांग्रेस में हों, कांग्रेस से बाहर हों, कम्युनिस्ट हों, सोशलिस्ट हों, सबों को इस कार्यक्रम को लाने के लिये न केवल संसद में, संसदीय दावपेंच में, बल्कि जनता के बीच में जाना चाहिये, जनता को गोलबन्द करना चाहिये, जन-आन्दोलन तैयार करना चाहिये। उस आन्दोलन की लहर से हम देश में राजनैतिक आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तन करें, ऐसा परिवर्तन करें जिसका उद्देश्य प्रधान मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है। इसी तरह से हम

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

देश में परिवर्तन ला सकते हैं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI LILADHAR KOTOKI (Nowgong) : Mr. Chairman I rise to support the Finance Bill. I must congratulate the Prime Minister for bringing before this House and the country a realistic budget. I can well understand that the extreme right and the extreme left will not find this budget and the budget proposals acceptable. I call it realistic because the Prime Minister has taken the bold step of accelerating the process of establishing a socialist society in the country which this House itself has accepted and the country has accepted this goal in successive general elections. The only regret has been that this process had not got as much speed as it needed. We know, Sir, the people in the country have become restive and, therefore, it is quite proper that the Prime Minister, who is progressive, has taken this bold step to bring through the budget and through the Fourth Five Year Plan the acceleration of this process.

Along with the budget the Prime Minister has circulated the memorandum on 'Towards growth and social justice'. It is as it should be, but I would submit that a wrong impression has sought to be created in this House that growth means industrial growth whereas the growth of a nation means total national growth which includes industry and other sectors of national income.

I would submit that while some welcome steps have been taken to direct this growth on the proper lines in conformity with our goal, I think, the time has come when the Government should re-examine our industrial policy resolution which has become outdated and needs re-examination in order to reshape it to fit in with the needs of the time.

As far as social justice is concerned, it has been admitted, during the successive Plans and more particularly in the Draft Fourth Plan and also in this memorandum, that in this country we have about 80 per cent of the people in the rural sector who depend upon agriculture. Large number of people are adding to the number of educated unemployed. Therefore something more has to be done in order to find employment for these millions of people who are either under-employed or are unemployed.

In the programme for the Fourth Plan and also in the current year something has been done in order to serve the small farmers and to have rural works programme. But I would submit that although this is a very laudable start, it does not even touch the fringe of the problem. Therefore I would submit for the consideration of the Prime Minister and the Government whether, taking into consideration the restive state in the country all-throughout, particularly among the young people and the rural areas, a bolder programme should not be undertaken on a national scale. I should submit with all humility that these few pilot projects in certain districts, welcome though they are, will not succeed, I am afraid, in taking the people with us. We have said enough through our successive Plans, election manifestoes and so on. The Prime Minister herself has admitted that we must give something concrete to the people. With an eye on that she has nationalised the 14 commercial banks. That is just the beginning, as she has said. She has taken some concrete steps through this programme of social justice, the programme for small farmers and for the chronically drought-affected areas and so on.

My submission is that when the Fourth Plan is yet to be finalised and brought before Parliament, there is time to reconsider the various allocations in the Fourth Plan so that during the Fourth Plan period itself we can touch all the districts and bring some succour to the people who need it most, which is the objective of the whole policy of the Prime Minister.

I would also draw the attention of the Prime Minister and of the House to the fact that in the wake of the Chinese aggression in 1962 we took a pledge and advocated a twin policy of defence and development as long as the threat of aggression remained. We have discussed

the other day in this House the Defence Budget and in the annual report of the Defence Ministry it has been clearly stated that the threat is very much alive both from China and Pakistan. Therefore I would submit that the development programme, particularly of the industry, in our country must be so reoriented as to subserve only three purposes, namely, defence, development of agriculture and industries which are export-oriented. Excepting these three objectives of defence, agricultural development and export earning, other industries should not be given a priority. That is my submission.

Then, so far as north-eastern region and its defence is concerned, it is linked up with development. I should submit that the threat today is more imminent and vulnerable in the north-eastern region comprising north Bengal, Sikkim, Bhutan, NEFA, Nagaland, Manipur, Tripura and Assam.

We are grateful to the Prime Minister that on 5th December last year she announced in this House and in the other House a package programme for economic development of Assam. I take it that the steps for the implementation of those programmes have been taken up by the Government. Of course, the people are yet to know in what particular shape and form these programmes are being sought to be implemented.

I would submit that although it does not find a place in the Prime Minister's announcement of a package programme for development of Assam, it invariably needs the development of railways which is the only means of communication in that region. We have pleaded in this House and with the Ministry concerned that the broad-gauge railway line should be extended to Gauhati and to Tinsukia. I am raising this matter because it is linked up with defence and development of Assam. When we took up the matter with the Railways, they straightway rejected it by saying that the extension of the railway line will not be economical. From thier side, it may be quite correct. But so far as defence and development of the strategic region is concerned, it has to be treated as it was done previously in the matter of extension of railway lines mainly for defence needs. The defence needs are still very much alive. The extension of the broad-gauge upto Gauhati immediately and then upto Tinsukia is a must. I fail to understand how the paucity of funds of the railway budget should be taken as a plea to reject this very vital need. Even for the implementation of the various schemes under the package programmes announced by the Prime Minister for Assam, the extension of this line is a must and indispensable. Otherwise, this package programme simply cannot be implemented and, if at all, it will be very much delayed.

Before I conclude, may I again thank the Prime Minister on behalf of myself and also the people of Assam that we look forward for more and more wholesome programmes in that strategic region of our country comprising the entire backward region of hills and plains which has been in a very precarious condition since the Partition.

SHRI DHIRESHWAR KALITA (Gauhati) : Some rigs have been dismantled by the O. N. G. C. This is the development of Assam.

SHRI LILADHAR KOTOKI : This is not the occasion for me to refer to details. I am simply saying that it conforms to the policy and programme enunciated by the Prime Minister and it is relevant in considering our plan, programme and budget.

With these words, I support the Finance Bill.

MR. CHAIRMAN : Shri Abraham. There are three names from your party. So, you will get 7 minutes. Kindly confine yourself to 7 minutes.

SHRI K. M. ABRAHAM (Kottayam) : Mr. Chairman, Sir, before coming to the taxation policy of the Government and the discriminatory treatment meted out towards Kerala, let me point out a few things. One is about the 19th September, 1968 strike of the Central Government servants. The issue before the strike was about the minimum need-based wage. Since the Government has referred

[Shri K. M. Abraham]

that question to the Pay Commission, they have partially accepted the issue which they had raised in that strike. The Government have yet to prove their *bona fides* by withdrawing the victimisation steps taken against the employees like termination of services, transfer of employees, break in service, etc. Even now in Kerala there are 13 employees who are yet to be reinstated. Hundreds of cases are yet to be withdrawn.

Secondly, coming to the Union Territory of Andaman and Nicobar islands, the Government employees there have launched a struggle to get their longstanding demands to be achieved. Will the Government be pleased to look into this matter and see their grievances redressed?

The Congress Government have systematically resorted to the method of imposing indirect taxation upon the common people. The growing burden of indirect taxation is taking away a large part of the wage packet of the salaried class. This has been proved in a clearcut manner by a study of the incidence of indirect taxation by the Minister of Finance. The study published on 20.12.69 reveals that the proportion of indirect taxation in the total consumer expenditure rose from 5.7% in 1958-59 to 10.1% in 1963-64 which means that a person who was earning Rs. 100 a month had to pay Rs. 5.70 as indirect taxation in 1958-59, was compelled to pay Rs. 10.10 every month. In urban areas the burden is still more and the average burden of taxation comes to 16.6 % of the monthly income of a tax-payer.

It is more surprising that the consumer expenditure in Kerala was higher than only Orissa. In all other States the consumer expenditure is higher than Kerala. While in consumer expenditure Kerala ranks fourteenth amongst the 15 States studied by the Finance Ministry, with regard to the burden of indirect taxation, Kerala ranks third in the country. While the All India consumer expenditure was Rs. 26.48, in Kerala it was Rs. 23.67 per capita per month.

Though the study of the Finance Ministry does not take into account all the impact of indirect taxation, it still highlights the growing burden of indirect taxation on the poor people of this country. If the burden of indirect taxation after 1963-64 is taken into account, we can see that the burden has almost doubled during the last five years and Government is taking a bigger slice out of the bread of the common people of the country. This is the cruel logic of the path of development of capitalism in the country. While the richer sections are in a position to amass huge wealth by tax concessions and tax evasion, the poorer sections of our society are forced to become more and more pauper every year.

Coming to the burden of excise on essential commodities, we find that requirements of the common man have the most heavily taxed items. For instance, the match box essential for every man is bringing Rs. 28 crores to the tax revenue. while the income from taxation of motor cars is about the same. The cotton cloth which is also a poor man's commodity is bringing in Rs. 49 crores, soap is bringing in Rs. 18 crores, sugar Rs. 80 crores, tea Rs. 24 crores and Kerosene, Rs. 114 crores.

18 hrs.

If we take some luxury, items the burden is not substantial. Take the case of refrigerators and air-conditioners. They bring in only Rs. 7 crores, and the electrical domestic appliances bring in only Rs. 25 lakhs.

Therefore, Sir, the only solution to this is to bring down gradually the burden of excise on essential commodities and pass on the relief to the common man. The loss of the Government by this reduction can be recovered by increasing the burden of direct taxation on big business houses and big landlords. This is the only democratic policy that can be followed in the matter of taxation.

The Budget and the fiscal policies of the Government have callously neglected certain areas and certain regions. These are deliberately being kept backward by the British Imperialists and the Congress Government has been

pursuing the policy of discriminating between the State and States. Some States have been given step-motherly treatment in the matter of financial allocation, with the result that their economic growth has been retarded during the first three Plans. Kerala has been one of these States which received continuously neglected treatment with the result that, dispite its natural resources, Kerala has remained among the ranks of the most backward States in the country.

Kerala has not received any major public sector project with sizeable employment potential. The unemployment has grown up to the dangerous level—with full employment upto 10 lakhs, and partially employed, 20 lakhs for a population of 2 crores. The small scale industry in Kerala is in precarious condition and the Central Government has miserably failed to give any sizeable relief either to the industry or the workers.

The Government which has got Rs. 100 crores to pay as compensation to the princes is advancing difficulties when the weaker States approach them for additional funds.

Even after nationalisation of banks, the Government has done nothing to divert credits to backward States like Kerala. So, Kerala will be perpetually in backwardness if this policy of utter neglect is allowed to be continued in future.

Even the Fifth Finance Commission failed to do justice to Kerala. The *per capita* income of Kerala is Rs. 391/- while the All-India level is Rs. 423/- which may be about Rs. 506/- after 15 years.

The State Planning Board, in their study suggests that there must be a 15-year perspective and even to raise the *per capita* income of Kerala to the All-India level after 15 years, Kerala would require a total investment in the Fourth Plan period of Rs. 1188 crores, including Central sector investment of Rs. 500 crores and also subsequent amount after tbe Fourth Plan.

For the last three Plan periods Government was offering a Ship Building Yard at Cochin. I am glad to hear from the Minister of Shipping and Transport that it is going to materialise by June. But the real question is about the industrialisation and solving the unemployment problem. Will the Prime Minister be prepared to assure us categorically that sanction will be given for a steel Plant, for a Petrochemical Plant, for a Polyster Staple Fibre Plant, for an Automobile tyre manufacturing factory, a Scooter manufacturing factory and for a Billet Plant, for the promotion of engineering industries?

If the Government fails to accept the legitimate demand and aspirations of the people of Kerala, the much talk of unity and integrity of the nation will not be paid heed to and the people will rise as one man to throw out the yoke and the exploitation of the Delhi Padishah. Thank you.

SHRI S. R. DAMANI (Sholapur): Mr. Chairman, I rise to support the Finance Bill.

I have listened very carefully to the speeches made by many of the hon. Members from the Opposition and with many point that they have raised I do not agree. I would like to say something about them. Let me first confine myself to the achievements that we have made during the course of the year and what requires to be done in order to stimulate our economy. I would like to make a few suggestions in this regard.

The hon. Prime Minister has formulated this year's budget proposals with certain objectives in view, that is to revive the economy, which has been in a state of stagnation during the last three or four years.

In order to stimulate saving, and in order to stimulate industrial growth, reasonable incentives were given, such as the exemption from tax on incomes upto Rs. 3,000 from interest on Bank deposits, dividends received from companies, or interest from Government securities. And in the amendment, more items are added.

Since then, the investment climate has improved and prices of equities of good companies or reasonably well-managed companies have

[Shri S. R. Damani]

appreciated by 10 to 15%. The momentum is catching up. I do not know how my hon. friend Shri Dandeker said that prices of equity shares were going down. Their index is going a little higher. I shall be happy if he had given some quotations. I feel that the objective of the Prime Minister to stimulate investment and growth is going to be fulfilled. The performance of the economy during the course of this year has shown progress on all fronts. Our exports have touched a new high of Rs. 1420 crores. Our imports have come down substantially to the tune of about Rs. 1,530 crores, narrowing the adverse trade balance to about Rs. 110 crores. This has resulted in the improvement of the foreign exchange reserves position also. There is only a marginal rise of 2.1% in the average level of prices for the 12 months of 1969. Our agricultural production is likely to touch 100 million tonnes, and industrial production has also increased by about 7.6%. These are all very encouraging achievements and I would like to compliment the Prime Minister for all the achievements. We have to see whether the momentum can be maintained or not in the current year or the next two to three years. For that every care should be taken. According to the present signs, it is a little doubtful whether it will be possible to maintain our exports and to confine ourselves to the level of imports which we have achieved last year.

Although our industrial production has increased by 7.6%, I say that this is due to better utilisation of the idle capacity or to some extent due to rise in prices and not by raising of new investments and setting up new Corporations. This has also been confirmed by the hon. Minister of Industry. If we take the growth of the industrial production of the last four years from 1966 to 1969, we will see that the growth was very slow. The average comes to about 3% as against the growth from 1961-65 which was about 9%. That means, the industrial production has increased by 50% or 1½ times whereas in the last four years, the industrial production has increased only by 10%. That is also due to better utilisation of capacities and rise in prices only. This factor can be confirmed by seeing the new capital issues by private limited companies. In 1969, it was Rs. 102 crores but in 1966 it was Rs. 339 crores. Further, in terms of investment in the first six months of 1969, the new capital issue was of the order of Rs. 22 crores as against Rs. 40 crores for the same period in 1968.

The momentum of establishment of new industries is very slow. This requires to be looked into and serious action taken.

This could also be corroborated by another fact. Now there are very few applications from entrepreneurs to our financial institutions. They have got idle money; but the applications are few. Previously the position was the reverse: there were a lot of applications and scarcity of money. The present position has resulted in the shortage of so many items, For example, at present there is shortage of iron and steel, aluminium, non-ferrous metals, fertilisers, chemicals, synthetics based on petroleum products, motor vehicles, tyres, tubes, tractors, paper and paper boards, wood pulp and many more. If this condition continues, I am afraid there will he shortage of many more items.

Along with this in four years our population has increased by 50 million. Due to the green revolution and increase in agricultural production, the demand from the rural areas is bound to increase and to meet it and the increased export needs it is very essential for new industries to be established as early as possible, whether if they be in the public or private sector. This should be done at a fast pace to catch up with the fall of the last four years. Unless our production increases at the growth rate of 15 per cent to meet all the challenges, it would be very difficult to keep pace. Therefore, more emphasis is required for the establishment of new industries at a faster rate.

I agree Government have taken some action. They are alerts, but still more is required. Recently Government have de-licensed investments of one crore of rupees. But this is for a period of six months only. I would say there are many items production of which cannot be taken up by just

an investment of a crore of rupees. Therefore, in the case of any industry requiring more than a crore of rupees investment, if the plant and machinery are available in the country and import of raw material is not requried, there should be no restriction and they should be allowed without licensing. There are many items which cannot be taken up with an investment of one crore of rupees. In the case of such items, the limit should be increased to four or five crores of rupees. In such cases, the only restriction should be that they do not require more foreign exchange for import of capital goods. I hope Government will consider this sympathetically.

